# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005

## का इस्तेमाल करना



Creating Spaces is undertaken with the financial support of the Government of Canada provided through Global Affairs Canada

ऑक्सफैम इंडिया
OXFAM
India


मुझे मदद चाहिए!
मेरा नाम रोशनी है! मुझे घर पर हिंसा का सामना करना पड़ रहा है!
मैं अपने बच्चे और खुद को सुरक्षित रखने के लिए क्या कर सकती हूँ?
कौन मुझे न्याय और सुरक्षा दिलाने में मदद करेगा?
आप जैसी महिलाओं की मदद करने के लिए PWDV अधिनियम है


यह कानून आपकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आपकी सहायता करेगा
आइए उन विशेष कर्तव्य धारकों (ड्यूटी बियरर) से मिलते हैं जिन्हें आपकी सुरक्षा के लिए नियुक्त किया गया है


# PO

## संरक्षण अधिकारी



OC

## पुलिस अधिकारी


अगर रोशनी हमारे पास आती है, तो हम उसकी शिकायत की डायरी दर्ज करेंगे, और उसे एक कॉपी के साथ PO को संदर्भित करेंगे
यदि अपराधी आदेश का उल्लंघन करते हैं तो हम कदम उठाएंगे। हम परेशान करने वालों को गिरफ्तार कर सकते हैं, या उन्हें रोशनी से संपर्क करने से रोक सकते हैं

# SH

## आश्रय प्रदाता



मेरा कर्तव्य है कि मैं रोशनी और उसके आश्रितों को जब तक ज़रूरत हो, तब तक रहने के लिए एक सुरक्षित जगह सुनिश्चित करूँ, जब तक कि वह फिर से सुरक्षित न हो जाए

# MO

## चिकित्सा अधिकारी



मेरा कर्तव्य रोशनी के स्वास्थ्य की रक्षा करना है; यह सुनिश्चित करना है कि ज़रूरत पड़ने पर उसे या उसके आश्रितों को विशेष चिकित्सा सुविधा मिले। मेरी रिपोर्ट कानूनी प्रक्रिया में सबूत बन सकती है

# SP

## सेवा प्रदाता




# DLSA

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



रोशनी अपने आप या किसी दोस्त के माध्यम से कर्तव्य धारकों (ड्यूटी बियररस) में से किसी तक भी पहुँच सकती है

प्रत्येक ड्यूटी बियरर को रोशनी को उसके अधिकारों और अधिनियम के तहत उसे उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी देनी चाहिए

किसी भी स्थिति में, जहाँ संभव हो उसे संरक्षण अधिकारी के पास भेजा जाना चाहिए




• मैं रोशनी की बात सुनूंगी; उसके अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी दूंगी
• अगर रोशनी चाहती है तो DIR लिखूंगी; पुलिस शिकायत दर्ज करने में उसकी मदद करूंगी
• यदि आवश्यक हो तो परिवहन सहित आश्रय गृह और चिकित्सा देखभाल की व्यवस्था करेंगे
• उसके मामले को बिना किसी देरी के मजिस्ट्रेट के पास अग्रेषित करेंगे
• बिना देरी किए प्रतिवादी को नोटिस देंगे
• आपात स्थिति में, तुरंत कार्यवाही करने के लिए पुलिस से संपर्क करेंगे
• यदि कोई उल्लंघन होता है, तो मैं रोशनी को बचाऊंगी और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाऊंगी



# संरक्षण अधिकारी

## पर अधिक जानकारी

रोशनी जैसी महिलाओं की मदद करने के लिए **संरक्षण अधिकारी** के बारे में जितना संभव हो सके जानें

जानकारी यहाँ नोट करें >

- आगे की हिंसा को रोकने के लिए जोखिमों का आकलन करेंगे और रोशनी के लिए एक सुरक्षा योजना लिखेंगे
- अगर रोशनी चाहे तो DSLA से उसके लिए एक वकील की व्यवस्था करेंगे
- मैं सभी चिकित्सा सुविधाओं, आश्रय गृहों, कानूनी सेवा प्रदाताओं और अधिकार क्षेत्र के काउंसलरों की एक सूची को तैयार रखूंगी

PO


अगर रोशनी चाहती है, तो हमारा कर्तव्य है कि हम उसकी ओर से धारा 498A* के अंतर्गत शिकायत दर्ज करें

# पुलिस अधिकारी
## पर अधिक जानकारी

रोशनी जैसी महिलाओं की मदद करने के लिए **पुलिस अधिकारी** के बारे में जितना संभव हो सके जानें

जानकारी यहाँ नोट करें >



- आपात स्थिति में हम PO के साथ रोशनी को बचाएंगे और शिकायत दर्ज करने में मदद करेंगे
- आदेश के उल्लंघन के मामले मे हम अधिनियम की धारा 31* के अंतर्गत FIR दर्ज करेंगे, और कानून के अनुसार आगे बढ़ेंगे

* और IPC की अन्य लागू धाराओं को जोड़ेंगे



हमारी चिकित्सा सुविधा रोशनी को चिकित्सा सहायता से इंकार नहीं करेगी, कोई DIR न हो तो भी

# चिकित्सा अधिकारी

## पर अधिक जानकारी

रोशनी जैसी महिलाओं की मदद करने के लिए **चिकित्सा अधिकारी** के बारे में जितना संभव हो सके जानें

जानकारी यहाँ नोट करें >

- यदि आवश्यक हो, तो मैं रोशनी के हस्ताक्षर करने के लिए एक DIR लिखूंगा, और बिना किसी देरी के संरक्षण अधिकारी को एक प्रति भेजूंगा
- रोशनी को सभी जांच और उपचार मुफ्त और प्राथमिकता के आधार पर प्रदान किए जाएंगे
- उसे फोलो अप और मनोसामाजिक चिकित्सा भी प्रदान की जाएगी

MO

SH



## आश्रय प्रदाता
पर अधिक जानकारी

- भले ही कोई DIR न हो, हमारा आश्रय घर रोशनी के लिए आश्रय से इनकार नहीं करेगा
- ज़रूरत हो तो PO की मदद से DIR लिखेंगे; आश्रय में रहने के दौरान रोशनी के लिए राहत की मांग करेंगे
- रोशनी रेफरल के माध्यम से, या सीधा अनुरोध कर के भी आश्रय ले सकती है



## सेवा प्रदाता
पर अधिक जानकारी

- मैं रोशनी को उसके अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी दूंगी, काउंसलिंग सेवाएं दूंगी
- ज़रूरत पड़ने पर मैं रोशनी की ओर से DIR लिख कर PO को भेज दूंगी
- किसी भी घरेलू हिंसा का पता चलते ही मैं कार्यवाही के लिए PO/DSLA से संपर्क कर सकती हूँ

SP



## सुरक्षा आदेश

किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या सम्पर्क को रोकता है, हिंसा करने वाले को औरत के कार्यस्थल या बच्चे के स्कूल/ कॉलेज में घुसने से, सम्पत्ति को बेचने या उसकी मालिकी को बदलने से, और औरत के बैंक अकाउंट/ लॉकर या स्त्रीधन के प्रयोग से रोकता है।



## आर्थिक सहायता आदेश

का मतलब है भरण-पोषण के लिए पैसे देना, मानसिक अत्याचार या चोट के लिए नुकसान की भरपाई करना, आदि।



# महत्वपूर्ण कानूनी आदेश



## निवास आदेश

हिंसा करने वाले को औरत को घर से निकालने, घर बेचने, उसकी मालिकी को बदलने, घर के किसी भी हिस्से में प्रवेश करने से रोकता है। ज़रूरत पड़ने पर उसे औरत के लिए दूसरे घर का इंतज़ाम करने का निर्देश, और औरत को **बच्चों की सामयिक निगरानी का अधिकार** देता है।



# आवश्यक दस्तावेज

## रोशनी के पास सभी आवश्यक दस्तावेजों की मुफ्त कॉपी प्राप्त करने का अधिकार है

उसे अपनी ओर से लिखे गए और उसके द्वारा हस्ताक्षरित सभी दस्तावेजों की विषयवस्तु को समझने का अधिकार है





### घरेलू हिंसा घटना की रिपोर्ट

**पहला और सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज**
हिंसा का एक स्पष्ट, सम्पूर्ण, संक्षिप्त कालक्रमबद्ध, लिखित रिकॉर्ड




### सुरक्षा योजना [1]

महत्वपूर्ण है अगर रोशनी परिवार के किसी भी सदस्य से खतरे में है




### कानूनी आवेदन [2]

(F II) राहत के लिए मजिस्ट्रेट को आवेदन, (F III) एफिडेविट




### आश्रय / देखभाल आवेदन

देखभाल आवेदन में S7, आश्रय आवेदन में S6 का उल्लेख आवश्यक है




### आदेश के उल्लंघन रिपोर्ट


आदेश के किसी भी उल्लंघन के मामले में दायर करनी है

1 PO, OC और SP को संयुक्त रूप से रोशनी के साथ चर्चा करने के बाद उनके लिए सुरक्षा योजना लिखनी चाहिए

2 न्यायालय में आगे बढ़ने के लिए खुद रोशनी द्वारा या PO द्वारा लिखित आवेदन आवश्यक है

# समय तालिका

प्रक्रिया कैसे शुरु होती है, और चीजों को कितनी जल्दी आगे बढ़ना चाहिए?








## रोशनी घरेलू हिंसा का सामना करती है

1. वह इनमें से किसी भी पदाधिकारी से जितनी जल्दी हो सके स्वयं या किसी दोस्त के माध्यम से संपर्क कर सकती है: PO, OC, SP, MO

**हालाँकि, अगर वह बाद में ऐसा करने का विकल्प चुनती है, तो वो भी ठीक है**

2. अगर रोशनी कानूनी रास्ता चाहती है, तो एक DIR दायर की जाती है

## तुरंत ही

1 रोशनी को DIR की एक मुफ्त कॉपी मिलती है

2. यदि आवश्यक हो, PO रोशनी के लिए चिकित्सा सहायता, आश्रय और परिवहन की व्यवस्था करते हैं

3. PO / SP / MO सुनिश्चित करते हैं कि रोशनी और उसके बच्चे तत्काल ख़तरों या धमकी से सुरक्षित हैं

4. आपात काल के मामले में, पुलिस को PO या SP द्वारा सूचित किया जाता है, रोशनी को एक टीम द्वारा उसकी स्थिति से बचाया जाता है






## 3 दिनों के अंदर

1. PO या SP द्वारा मजिस्ट्रेट से संपर्क किया जाता है, DIR की एक कॉपी भेजी जाती है
2. रोशनी को अंतरिम आदेश का अधिकार है
3. काउंसलर अपराधियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करती है कि वे रोशनी से किसी भी तरह से संपर्क करने की कोशिश न करें। यह वादा लिखित में लिया जाता है

## इसके बाद

1. अदालत में मामला शुरू होने के बाद, PO को 3 दिन के भीतर नोटिस जारी करना होगा
2. मामले के दौरान आवश्यक हो तो रोशनी को काउन्सलिंग प्राप्त करने का अधिकार है

**शुरू होने के बाद 60 दिन में मामला समाप्त होना चाहिए**







...महिला जो किसी भी
सम्बन्ध में रहती हो

यह कानून महिलाओं को सुरक्षा दिलाता है और घरेलू हिंसा को रोकता है।
घरेलू सम्बन्ध की कानूनी परिभाषा बहुत विस्तृत है। यहाँ दिये गये कुछ चित्र सिर्फ़ उदाहरण हैं।

कोई भी ऐसा कृत्य जो महिलाओं के आत्मसम्मान या मानवाधिकारों को नुकसान पहुंचाता है, हिंसा है। घरेलू हिंसा ज़्यादातर पुरुषों द्वारा महिलाओं के ऊपर होती है।







◂ आर्थिक हिंसा

मानसिक हिंसा ▾



▴ शारीरिक हिंसा

यौनिक हिंसा ▸



इस कानून के तहत करीबी, खून के, और कानूनी रिश्तों के बीच हिंसा के विरुद्ध शिकायत दर्ज़ की जा सकती है।

महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए
अच्छे कानून और लोग उपलब्ध हैं...

"मैं PWDV अधिनियम के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के लाभ लेने में मदद करने की प्रतिज्ञा करती / ता हूँ"

हस्ताक्षर

*developed by*
THOUGHTSHOP
**FOUNDATION**
thoughtshopfoundation.org

*2020 edition*